## परामर्शदाता– गुणवत्ता सुधार (आरआरसी–एनई) के पद पर
## भर्ती हेतु सूचना

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है।

एनएचएसआरसी, गुवाहाटी, असम में अपने शाखा कार्यालय– पूर्वोत्तर राज्यों के लिए क्षेत्रीय संसाधन केंद्र (आरआरसी–एनई) में परामर्शदाता, गुणवत्ता सुधार के पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

**कार्य एवं दायित्वः**

पदग्राही, सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में गुणवत्ता आश्वासन के लिए संचालन दिशानिर्देश जारी करने के लिए उत्तरदायी होगा। उसे विभिन्न स्तरों पर कार्य करने होंगे, यथा– प्रचार–प्रसार, गुणवत्ता मानकों और उनके आकलन की प्रणाली को राज्यों की जरूरतों के अनुकूल बनाने हेतु जरूरी जांच–सूचियां तैयार करना, कार्यशालाओं एवं संगोष्ठियों का आयोजन करना, कमियों को दूर करने में स्वास्थ्य केंद्रों की सहायता करना और राज्यों के चुने हुए स्वास्थ्य केंद्रों में प्रमाणन प्रक्रिया में सहयोग देना।

**प्रमुख कार्यः**

- गुणवत्ता एश्योरेन्स (क्यूए) प्रशिक्षणों में विशेषज्ञ के रूप में कार्य
- मसौदा और रिपोर्ट लेखन
- विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य केंद्रों के गुणवत्ता आकलन के लिए जांच–सूचियां तैयार करना और उनकी समीक्षा करना– ये जांच–सूचियां राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के दिशानिर्देशों के अनुरूप होंगी
- राज्यों और जिलों की गुणवत्ता एश्योरेन्स इकाइयों के संचालन में राज्यों और जिलों को प्रशिक्षणों के आयोजन सहित तकनीकी सहायता प्रदान करना
- प्रतिभागियों के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल और प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना
- राज्यों और आरआरसी एनई/एनएचएसआरसी द्वारा बाह्य आकलनकर्ताओं की सूची तैयार करने में सहयोग करना
- आंतरिक और बाह्य लेखापरीक्षाओं के आयोजन की सुविधा प्रदान करना
- राज्यों को उनके चुने हुए स्वास्थ्य केंद्रों के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन प्राप्त करने में सहयोग करना।
- प्रमाणन तक प्रत्येक तिमाही, पिछले अंकों में कम से कम 5–10% की उत्तरोत्तर वृद्धि होनी चाहिए।
- प्रमाणन की स्थिति बनाए रखना।
- राज्य को अद्यतन साक्ष्य आधारित कार्यपद्धति और भारत सरकार की नवीनतम पहलों एवं दिशानिर्देशों के बारे में मार्गदर्शन करने में सक्षम होना चाहिए।
- निदेशक, आरआरसी–एनई द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

**पात्रता एवं योग्यताएंः**

*अनिवार्य–*

- किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से चिकित्सा/दंत चिकित्सा/आयुष/फार्मेसी/नर्सिंग में स्नातकोत्तर उपाधि

- स्नातकोत्तर उपाधि धारकों के लिए गुणवत्ता एश्योरेन्स परियोजनाओं में योग्यता उपरांत कार्य करने का न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव और डिप्लोमा धारकों के लिए न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव
- उत्कृष्ट संप्रेषण कौशल– मौखिक और लिखित
- एमएस–ऑफिस पैकेज में प्रवीणता

*वांछनीय–*

- किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से अस्पताल/स्वास्थ्य प्रबंधन में उन्नत योग्यता
- गुणवत्ता प्रणाली में मान्यताप्राप्त योग्यता, फील्ड का गहन अनुभव रखने वाले योग्य उम्मीदवारों के मामले में इससे छूट दी जा सकती है।
- अस्पताल के प्रशासन विभाग में कार्य करने का अनुभव
- उन उम्मीदवारों को वरीयता दी जा सकती है, जिन्होंने सीधे तौर पर ऐसे कार्य किए हैं, जिनके फलस्वरूप अस्पतालों को आईएसओ 9001/एनएबीएच/जेसीआई/एनएबीएल जैसे प्रमाण पत्र/मान्यता मिली हो।

**आयु सीमाः** 40 वर्ष या उससे कम, यात्रा करने के लिए पूर्णतः स्वस्थ होना चाहिए।

**कार्य स्थलः** आरआरसी–एनई, गुवाहाटी, असम

**रिपोर्टिंगः** निदेशक, आरआरसी–एनई, गुवाहाटी

**नोटः** उत्कृष्ट उम्मीदवारों के लिए आयु/शैक्षिक योग्यता/अनुभव में ढील दी जा सकती है।

केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन फार्म में ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन, दिनांक **6-Oct-2015** को **अपराह्न 4 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए।